प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-557
14/11/2017

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती के अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि दी

पटना, 14 नवम्बर 2017 :– भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती के अवसर पर पटना रेलवे जंक्शन के सामने गोलम्बर परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभिनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, विधायक श्री श्याम रजक, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री छोटू सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने पं0 जवाहर लाल नेहरू के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******